सार-समाचार

अमित तलेसरा अध्यक्ष बने

जयपुर,। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), उदयपुर जोन के वार्षिक सत्र में वर्ष 2025-26 के लिए पायरोटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अमित तलेसरा को राजस्थान उदयपुर जोन का अध्यक्ष तथा नितिन गट्टानी, को सीआईआई उदयुपर जोन का उपाध्यक्ष नामित किया गया है। अमित तलेसरा वर्तमान में पायरोटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। श्री तलेसरा पुणे विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग हैं और पायरोटेक ठ्रुप के बोर्ड में हैं और साथ ही के पैनल डिवीजन का प्रभार भी सम्भाल रहे हैं। अमित तलेसरा के गतिशील नेतृत्व में, कंपनी ने कई गुना वृद्धि की है - लाभ पर नजर रखने से कंपनी के मुनाफे में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने नौसेना और रक्षा क्षेत्र के लिए विशेष पैनल विकसित किए हैं और परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में विकास का नेतृत्व किया है। पायरोटेक इलेक्ट्रॉनिक्स 1976 से नियंत्रण पैनल, नियंत्रण डेस्क, छोटे और बड़े एन्क्लोजर, कैबिनेट, बिजली वितरण पैनल, एलटी और एचटी पैनल, उपकरण संलग्नक, रैक, 19" रैक, सिस्टम कैबिनेट, बड़ी वीडियो स्क्रीन, एलसीडी डिस्प्ले, सक्रिय एलईडी स्क्रीन आदि का अठाणी निर्माता है। पायरोटेक समूह 11 विनिर्माण इकाइयों का ठ्रुप है, जिनमें से चार इकाइयां पैनल और एन्क्लोजर, को समर्पित हैं। पायरोटेक इलेक्ट्रॉनिक्स रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, थर्मल पावर उत्पादन, पावर ट्रांसमिशन और वितरण, इस्पात, अलौह धातु और खनिज, उर्वरक, सीमेंट, मेट्रो, रेलवे, बंदरगाह, तेल और गैस, पेट्रोलियम जैसे क्षेत्रों में अपने उत्पाद की आपूर्ति करता है। नितिन गट्टानी, राजस्थान के उदयपुर स्थित श्री लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हैं। पारिवारिक व्यवसाय का नेतृत्व करने के 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने खनन, क्वाट्र्ज, बिजली, आतिथ्य, लॉजिस्टिक्स और व्यापार सहित विविध क्षेत्रों में कदम रखा है।

पानी में डूबने से युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षैत्र में झरने पर नहाते समय गहरे पानी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवारको बैकरिया थाना क्षैत्र तिलकेश्वर महादेव मंदिर के समीप झरने पर नहाने के दौरान नाड़ा के गागुलों की भागल पानी नाणा रामपुरा निवासी भीमाराम (27) पुत्र बाबूराम उर्फ बाबरा राम देवासी की पानी में डूबने से मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह ने मौके पर पहुंच कर एसडीआरफ की टीम बुला कर मृतक को तलाश कर बाहर निकाला।

रॉयल्टी बढ़ाने को लेकर मार्बल व्यवसायियों ने निकाली रैली

राजसमन्द, (निसं)। सरकार द्वारा मार्बल रॉयल्टी दरो को बढाने से मार्बल व्यापारियों का विरोध तेज हो गया है। मंगलवार को जिले के मार्बल व्यापारी विरोध में उतर आए और कलेक्ट्रेट का घेराव किया। साथ ही माइनिंग एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में दरें कम नहीं हुई तो वे बिजली कनेक्शन कटवाएंगे।

रायल्टी दरें बढाने को लेकर स्टोन इंडस्ट्रीज से जुडे 12 से अधिक संगठन सहित 20 संगठनों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इस दौरान बडी संख्या में अलग-अलग एसोसिएशन से जुडे पदाधिकारी और लोग कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इससे पहले स्टोन इंडस्ट्रीज से जुडे सभी संगठनों के पदाधिकारी व श्रमिक केलवा चौपाटी पहुंच कर सभा आयोजित की गई जिसमें व्यापारियों एवं श्रमिकों ने अपना विरोध प्रकट किया उसके बाद केलवा चौपाटी से कलेक्ट्रेट तक वाहन रैली निकाली। माइनिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिंह राठौड ने बताया कि इतने दिनों से हम शांतिपूर्ण तरीके से हमारी मांग रख रहे थे लेकिन सरकार ने हमे डरा हुआ समझ लिया। मंगलवार को कलेक्ट्री के बाहर ढाई से तीन हजार लोगो ने प्रदर्शन किया है ये सिर्फ एक ट्रेलर है। हम राज्य के जिम्मेदार नागरिक है हम नही चाहते कि हम रोड पर आए ओर सरकार के खिलाफ काम करें लेकिन सरकार हमें मजबूर कर रही है। सरकार को हमने दो दिनों का अल्टीमेटम दिया है यदि सरकार हमारे मांग नही मानती है तो स्टोन इंडस्ट्रीज से जुडे सभी उद्योग अपने बिजली के कनेक्शन कटवाने की प्रक्रिया शुरू करेंगी जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

एसोसिएशन संरक्षक तनसुख बोहरा ने कहा कि 18 दिनों से यहां की खदानें बंद पडी हुई सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नही दिया जिसके बाद व्यापारियों एवं श्रमिकों की रोजी रोटी का सवाल है जिसके चलते आज सडकों पर आना पडा। अगली स्टेप में अब यहां के जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएंगा जिससे कि सरकार तक हमारी बात पहुंच सके। मार्बल गेंगसा एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यप्रकाश काबरा ने जीएसटी की दरों को भी कम कराने की बात कही। वर्तमान में मार्बल पर जीएसटी 18 प्रतिशत है जो 5 प्रतिशत के करीब होना चाहिए। गौरतलब है कि मार्बल पर रॉयल्टी 320 रुपए प्रतिटन से 80रुपए बढाकर 400 कर दी गई है। इससे राजसमंद क्षेत्र में केलवा, झांझर, उमठी, धोलीखान, थोरिया, सापोल, आगरिया, आमेट, सरदारगढ, उमराया खनन क्षेत्र की सभी खदानों में 1 अगस्त से लोडिंग बंद है। खदानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। राजसमंद में मार्बल व्यवसाय से जुडे लोगों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। करीब 5 हजार लोगों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जो रॉयल्टी वृद्धि दर घटाने की मांग कर रहे हैं। यह आंदोलन करीब 20 दिनों से जारी है और इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मार्बल व्यवसाय से जुडे लोग शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करने की अपील की। हालांकि व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है और यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो आंदोलन और तेज होगा। 20 दिनों से जारी इस आंदोलन के कारण राजसमंद की मार्बल व्यापार पूरी तरह से ठप है, जिससे रोजगार का संकट पैदा हो गया है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मार्बल व्यापार से करीब एक लाख से अधिक लोग जुडे हुए हैं और राजसमंद जिले की अर्थव्यवस्था भी मार्बल व्यापार पर काफी हद तक निर्भर है। ऐसे में सरकार को मार्बल व्यवसायियों से वार्ता कर बीच का रास्ता निकालने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इस मुद्दे का समाधान नहीं किया गया तो इसका नकारात्मक प्रभाव जिले की अर्थव्यवस्था और रोजगार पर पड सकता है।राजसमंद में खदानों की स्थिति देखी जाए तो पूर्व में करीब 1200 मार्बल की खदानें थी जिसमें 930खदानें ही वर्तमान में एक्टिव है। जिसमें से भी 450 के करीब खदानों को मालिक चला पा रहे है बाकी सभी खदानें मंदी की मार के चलते बंद पडी हुई है।

प्रदर्शन में खदान मालिक के साथ गैंगसा एसोसिएशन, कटर एसोसिएशन, ट्रक एसोसिएशन, लोडिंग एसोसिएशन, अनलोडिंग एसोसिएशन, ग्राइंडिंग एसोसिएशन, खाद्यान्न व्यापार, सर्राफा, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक्सए मेकेनिकल सहित 2० से अधिक संगठनों ने अपना समर्थन किया।

सार-समाचार

पंचायत समिति खेडा में पौधारोपण

डूंगरपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के तत्वावधान में सुनील कुमार पंचोली, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश डूंगरपुर के निर्देशन में रालसा वन व बालिका वर्ष 2025 सृजन की सुरक्षा के द्वितीय चरण में डूंगरपुर जिले के खेडा कच्छवासा ग्राम पंचायत में गत 22 मई से आज तक जन्मी बालिकाओं को पौधा वितरण किया गया। योजना के द्वितीय चरण में जन्मी तीन बालिकाओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संबंधित पंचायत से प्रत्येक बालिका के जन्म पर ग्यारह पौधे प्रत?येक बालिका के परिजनों को उपलब्ध कराए गए। इन पौधों की प्रारंभिक देखभाल और पोषण की जिम्मेदारी बालिका के परिजनों को दी।

मारपीट कर वृद्ध दंपती से जेवरात लूटे

उदयपुर,(कासं)। कुराबड़ थाना क्षैत्र वसु गांव में आए बदमाश घर में घुस वृद्ध दंपत्ति से मारपीट कर जेवरात लूट ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हीरालाल पुत्र लालचंद ने कुराबड़ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि 17 अगस्त रात में घर में घुसेबदमाशों ने मेरी पत्नी कंचनबाई के साथ मारपीटकर उसके गले से मादलिया का टुकड़ा लूट लिया। चिल्लाने की आवाज सून कर मैं गया तो मेरे साथ भी मारपीट की तथा कमरे से सोने चांदी से भरा बैग लूट ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शरू की। हीरालाल व उसकी पत्नी दोनों की उम्र 80 वर्ष है तथा कंचन बाई की दिमागी हालत ठीक नहीं होने से कमरा बंद कर रखा था। इसके बावजूद उसने रात में लघुशंका के लिए दरवाजा खोल दिया। इसी दौरान आए बदमाश वारदात कर फरार हो गए।

पिकअप की टक्कर से वृद्ध की मौत

उदयपुर,(कासं)। सुखेर थाना क्षैत्र में चीरवा टलनप के समीप पीकअप वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत होगई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात में सुखेर थाना क्षैत्र चीरवा टनपल के समीप वाहन की प्रतिक्षा में खड़े वृद्ध लक्ष्मीमार्ग अमल का कांटा निवासी मदनलाल सैन (71) पुत्र दाडमचंद सेन गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल हिम्मतनाथ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। मदनलाल अपने साथी नारायण सिंह राणावत के साथ एकलिंगजी दर्शन करने के लिए गया था। जहां से वापस लौट कर चीरवा गांव कट पर वाहन की प्रतिक्षा में खड़ा था। इस दौरान पीकअप वाहन ने उसे चपेट में ले लिया था।

हादसे में बाइक चालक की मौत

उदयपुर,(कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात में डबोक थाना क्षैत्र थाने के सामने ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन से टकराने पर गंभीर घायल बाइक चालक मुलकदास की सराय डूंगला निवासी मुकेश (38) पुत्र भेरूलाल खटीक गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय मेंभर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। एसआई बाबूलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। मुकेश बाइक लेकर गांव से उदयपुर आ रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हुआ।

मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने अपहरण एवं मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार14 अगस्त को पीडित गोविंद सिंह पुत्र मगनसिंह निवासी मादड़ी वाघपुरा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बतायाकि मेरे मोबाईल पर व्यक्ति ने फोन कर गाली गलोज करना शुरू कर दिया। दोनों के बीच बहन होने पर बातचीत के लिए पेट्रोल पंप पर बुलाने पर मैं वहां गया तो राजवीर सिंह,भीमसिंह व महेन्द्र सिंह कार लेकर आये वहीं दूसरी कार में आए गजेन्द्रसिंह, हिम्मतसिंह, रिछपाल सिंह, हरिसिंह निवासी सुरीमाला नेपालसिंह, दिलीपसिंह निवासी आंजरोली, रतनसिंह निवासी ओगणा व साथी आंखों में मिर्च डाल कर तलवार व लठ्ठ से हमला कर दिया तथा कार में डाल कर ले गए जहां रात के समय पानरवा लेजाकर छोड़ कर फरार हो गए।

नाम परिवर्तन

मैं शकील अहमद पठान (SHAKIL AHMAD PATHAN s/o ABDUL MAJID PATHAN) निवासी IDBI बैंक के पिछे गरीब नवाज कॉलोनी, कांकरोली जिला राजसमन्द ने अपना नाम बदलकर SHAKIL AHMED s/o ABDUL MAJID रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम व पहचाना जाना जावे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राजस्थान)

क्रमांकः- F.9( ) भू.रू./GEN/2025/ दिनांकः 12/8/2025

आम - सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सवीना की खसरा संख्या 1067 में स्थित भूखण्ड संख्या-20 कुलिया क्षेत्रफल 26910'.0 वर्गफीट है जिसका कार्यालय उपखण्ड अधिकारी (कृषि भूमि रूपान्तरण) प्रथम/द्वितीय उदयपुर द्वारा पट्टा नम्बर 813 दिनांक 01-06-1994 को ओम बाबू पिता श्री सुन्दरलाल व्यास के नाम पट्टा जारी किया गया। वर्तमान में न्यास के नामान्तरण पत्र क्रमांक 177 दिनांक 22-01-2002 श्री राजीव मंत्री श्री मनमोहन मंत्री के नाम न्यास आलेखो में दर्ज है। यह कि उक्त वर्णित भूखण्ड को श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल द्वारा श्री राजीव मंत्री श्री मनमोहन मंत्री से जरिये मुख्तियार आम श्री मनमोहन पिता श्री माधवलाल मंत्री से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02-04-2025 से क्रय किया गया है।

श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल द्वारा उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में विक्रय पत्र, मुख्तियार नामा एवं शपथ पत्र आदि प्रस्तुत कर उक्त वर्णित भूखण्ड संख्या 20 का उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर में अपने नाम नामान्तरण चाहा गया है।

उक्त राजस्व ग्राम सवीना की खसरा संख्या 1067 में स्थित भूखण्ड संख्या-20 कुलिया क्षेत्रफल 26910'.0 वर्गफीट का श्री भूपेश रावल पिता विद्या वल्लभ रावल एवं श्रीमती स्वेता रावल पत्नी श्री भूपेश रावल, निवासी ए-203, एलिट गोल्फ ग्रीन्स, सेक्टर 79, नोएडा, गोतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) के नाम नामान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं संबंधित शाखा प्रभारी को भी सूचित करे अन्यथा बाद गुजरने मयाद नियमानुसार नामान्तरण की अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

(डॉ. अभिनव शर्मा) प्राधिकृत अधिकारी
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

प्लास्टिक थैलियां जब्त

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 क्विंटल से भी अधिक सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक केरिबेग के भण्डारण, बेचने एवं उसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। उदयपुर शहर में बढ़ते हुए प्लास्टिक केरिबेग उपयोग को देखते नगर निगम द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत आकस्मिक निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त कर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी ने मय टीम विश्वविघालय मार्ग लक्की सब्जी मण्डी पहुंचे जहां प्रतिबंधित प्लास्टिक केरी बैग में ग्राहको को सब्जी दी जा रही थी। उक्त सब्जी मण्डी व सब्जी मंडी के पीछे की तरफ ऊचाई मे बने पार्टेशन में प्लास्टिक केरी बैग के सात कट्टे प्राप्त हुए जिनका वजन 158 किलो 700 ग्राम हुआ। पुछताछ पर मंडी के मेनेजर अनीश सिंह ने जब्त प्लास्टिक केरी बैग सब्जी मंडी मालिक मुकेश सांखला निवासी जोधपुर द्वारा लाना बताया।

बैंकिंग क्षेत्र नवोदित उद्यमियों को प्रोत्साहित करता है : अग्रवाल

जयपुर। उभरते उदयपुर को विकसित करने के लिए, हमें कई प्रमुख विकास क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने और वित्तीय समावेशन एवं आर्थिक विकास को गति देने हेतु बैंकों, वित्तीय संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। बैंकिंग क्षेत्र नवोदित उद्यिमयों को पोषित करता है और नवाचार को उसके सबसे प्रारंभिक स्तर पर पोषित करता है।

देश के अधिक समावेशी विकास एजेंडे की ओर बढ़ने के साथ, एक मजबूत एमएसएमई क्षेत्र विकास दर को गति दे सकता है, क्योंकि इसके लिए बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं होती है और साथ ही ये बड़े उद्योगों की सहायक इकाइयों के रूप में भी कार्य करते हैं। सीआईआई राजस्थान के अध्यक्ष, संजय अग्रवाल ने आज उदयपुर में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की उदयपुर क्षेत्रीय परिषद द्वारा आयोजित सीआईआई सत्र "उदयपुर राइजिंग: निवेश और सतत विकास" में अपने संबोधन के दौरान यह बात कही। सीआईआई उदयपुर ने आज उदयपुर में अपना वार्षिक दिवस मनाया। वार्षिक सत्र के साथ-साथ "उदयपुर का उदय: निवेश और सतत विकास" पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय "राजस्थान के लिए सीआईआई का राज्यव्यापी विषय - 2030 तक राजस्थान को 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना" था।हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के सीईओ और वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि खनन क्षेत्र की क्षमता उदयपुर की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो राजस्व सृजन, रोजगार के अवसरों और औद्योगिक विकास में योगदान देती है। चुनौतियों का समाधान करके और अवसरों का लाभ उठाकर, हम टिकाऊ खनन प्रथाओं को बढ़ावा दे सकते हैं, निवेश आकर्षित कर सकते हैं और उदयपुर में आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं। "एमएसएमई के लिए प्रतिस्पर्धी बने रहने और निरंतर विकास हासिल करने हेतु अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और नवाचार आवश्यक हैं। अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) और नवाचार में निवेश करके, एमएसएमई उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार, दक्षता में वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे अंततः उदयपुर में आर्थिक विकास और प्रगति को गति मिलेगी।" सिक्योर मीटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ श्री सुकेत सिंघल ने कहा। सीआईआई उदयपुर के अध्यक्ष सुनील लुनावत ने कहा कि उदयपुर के भविष्य पर चर्चा करते हुए, हमें सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने, अपनी शक्तियों का लाभ उठाने और अपनी चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है।

19 का चयन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज (गिट्स) में प्रमुख एम.एन.सी. आई टी कम्पनी इन टाइम टेक के पूल ड्राइव कैम्पस ड्राइव में 19 विद्यार्थियों का जूनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ। इस पूल कैंपस ड्राइव में उदयपुर संभाग के नामचिन महाविद्यालयों ने भाग लिया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एस. एम. प्रसन्ना कुमार ने बताया कि इन टाइम टेक 2009 से वेब डेवलपमेंट, मोबाइल डेवलपमेंट, क्लाउड कम्प्यूटिंग एम्बेडेड डेवलपमेंट, आटोमेटेड टेस्टिंग आदि के क्षेत्र में यू.एस., इण्डिया, नीदरलैंड सहित विश्व के प्रमुख शहरों में ए.आई., एम.एल. साइबर सिक्योरिटी और मोबाइल कम्प्यूटर एप्लीकेशन पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। गिट्स में आगामी सत्र 2026 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्लेसमेंट अभी से शुरू हो गया हैं। यह पूल कैंपस ड्राइव में गिट्स के साथ-साथ सी.टी.ए.ई उदयपुर, एवं टेक्नो उदयपुर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

आकोदड़ा बांध की टनल से आवागमन पर सख्ती

- चौकीदार तैनात, निकासी गेट पर लगाया ताला
- कलक्टर के निर्देश पर जल संसाधन विभाग ने की कार्यवाही

उदयपुर, (कासं)। आकोदडा बांध से कोडियात तक जल अपवर्तन हेतु बनी सुरंग से लोगों की आवाजाही को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर नमित मेहता ने जल संसाधन विभाग को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इस पर विभाग ने आवागमन पर सख्ती से रोक लगाते हुए जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए।

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आकोदरा बांध से कोडियात तक जल अपवर्तन के लिए 11.5 किलोमीटर लम्बी सुरंग बनी हुई है। इस सुरंग से लोगों के जान जोखिम में डालकर बेरोकटोक आवाजाही करने का मामला प्रकाश में आया। इस पर जिला कलक्टर मेहता ने इस गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। विभाग ने टनल के प्रवेश द्वार एवं निकास द्वार पर चौकीदार तैनात कर दिया है। साथ ही टनल के निकास द्वार पर गेट को ताला लगाकर बन्द भी कर दिया गया है। टनल के प्रवेश द्वार पर आवागमन को सख्ती से बन्द किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा चेतावनी बोर्ड एवं संचेतना लगाने की कार्यवाही की जा रही है। विभाग ने लोगो को हिदायत दी है कि टनल में प्रवेश करना पूर्णतया वर्जित है तथा जान जोखिम में डालने जैसा कृत्य है। टनल में अनाधिकृत प्रवेश करने पर राजस्थान सिंचाई ड्रेनेज एक्ट 1955 एवं बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत कडी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

संस्कृत सप्ताह का समापन

उदयपुर, (कासं)। संपूर्ण संस्कृति संस्कृत की देन है और संपूर्ण संस्कृति संस्कृत में ही निहित है।

यह बात संस्कृत भारती, उदयपुर के तत्वावधान में श्रावण पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित संस्कृत सप्ताह के समापन समारोह पर मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महामंत्री सत्यनारायण भट्ट ने कही। उन्होंने कहा कि जैसे इम्यूनिटी शक्ति रहते हुए शरीर में रोग प्रवेश नहीं कर सकता, वैसे ही संस्कृत रहते हुए भारत में कोई अवरोध पैदा नहीं हो सकता। भारत की आत्मा संस्कृत है। भारत के नव निर्माण के लिए संस्कृत भाषा का व्यवहारिक जीवन में अपनाया जाना अनिवार्य है।

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ व पेसिफिक विश्वविद्यालय उदयपुर वंडर सीमेंट मिराज ठ्रुप के सहयोग से आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वैदिक श्लोक दीपप्रज्वालनम् शुभं करोति कल्याणम्... के साथ हुआ। मंगलाचरण डॉ. भगवती शंकर व्यास, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी ने प्रस्तुत किया।समारोह में अतिथि उदयपुर रेंज आईजी गौरव श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत आज केवल पौराणिक भाषा न रहकर व्यवहारिक रूप से अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने संस्कृत को दुनिया की "रिचार्ज भाषा" बताते हुए कहा कि इसमें करुणा और गुण रहस्य दोनों समाहित हैं। समारोह में महामण्डलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज का भी सान्निध्य रहा। उन्होंने कहा कि संस्कार सनातन के गूढ़ संबंध हैं। भारत विवादों का नहीं, संवाद का देश है और संस्कार की एक मात्र भाषा संस्कृत है। संस्कृत में ऐसा कोई शब्द नहीं जो मंत्र न हो। यह गौरवमयी भाषा 864 भाषाओं की जननी है।

विश्व में संस्कृत की चाह निरंतर बढ़ रही है और यदि पूरे देश में इसकी यात्रा नहीं भी हो पा रही है तो कम से कम मेवाड़ में इसके प्रचार-प्रसार का संकल्प अवश्य होना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के अविस्मरणीय योगदान को भी याद किया। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छात्र जितना संस्कृत सीखेंगे, उतना ही संस्कारित होंगे।

इसी भाव से राष्ट्र संस्कारित और विश्व विजेता बनेगा।राजस्थान सरकार के जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने में शिक्षण संस्थानों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में संस्कृत को प्रमुख स्थान दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को इस भाषा से गहरा जुड़ाव होगा।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल देवगढ़ जिला राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.दे./नामान्तरण/2025-26/1209 दिनांक : 19/08/2025

-:आपत्ती आमंत्रण पत्र :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका देवगढ़ क्षेत्र में निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा प्रार्थना पत्र मय स्वामित्व दस्तावेजो के प्रस्तुत कर जरीये पंजीकृत विक्रय पत्र/ अपंजीकृत विक्रय इकरारनामा/मृत्यु के आधार पर पालिका द्वारा जारी किये गये भूखण्ड/मकान् का नामान्तरण किया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	भूखण्ड विक्रेता/ विक्रय इकरारकर्ता/पारिवारिक समझौताकर्ता का नाम	भूखण्ड क्रेता/उत्तराधिकारी जिसके नाम नामान्तरण किया जाना है	भूखण्ड सं./ साईज व पता	प्रस्तुत दस्तावेत
01	श्रीमती सीता देवी पत्नि पूनमचन्द ढाकोत निवासी देवगढ़	श्री प्रदीप कुमार पिता पूरणमल कंसारा एवं श्रीमती प्रियंका कंसारा पत्नि श्री प्रदीप कुमार कंसारा निवासी देवगढ़	सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 147 साईज 15x30 =450 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर
02	श्रीमती संग्रामबानो पत्नि सत्तार खां फकीर निवासी देवगढ़	श्री प्रदीप कुमार पिता पूरणमल कंसारा निवासी देवगढ़	सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 80-बी साईज 15x30 =450 वर्गफीट	पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर

अतः उक्त सम्पत्ति के नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/हितधारी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण के अधोहस्ताक्षर के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्दर अवधि आपत्ति मय प्रमाण के लिखित में प्रस्तुत नहीं होने पर वर्णित भूखण्ड/ मकान का नामान्तरण जारी किया जाने की आगामी कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका देवगढ़

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: गोवर्धन विलास, सेक्टर-14 उदयपुर, राजस्थान, फोन नं.: 0294-2640277 ई-मेल: goverd@bankofbaroda.com

मोचन (REDEMPTION) सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना

दिनांक: 19.07.2025

स्व. श्री राकेश टांक पुत्र श्री फूलचंद टांक (ऋणी)
जरिये कानूनी वारिस-
श्रीमती सूरज कंवर पत्नी स्व. श्री राकेश टांक (कानूनी वारिस)
46, गिरिजा व्यास पैट्रोल पम्प के पिछे, आदर्श नगर, सांई कॉम्पलेक्स के पास, तितरडी, उदयपुर, राजस्थान 313001
सुश्री कोमल पुत्री स्व. श्री राकेश टांक (कानूनी वारिस)
46, गिरिजा व्यास पैट्रोल पम्प के पिछे, आदर्श नगर, सांई कॉम्पलेक्स के पास, तितरडी, उदयपुर, राजस्थान 313001
श्री सुनील सुहालका पुत्र श्री प्रभु लाल (जमानतदार)
112 बी, नेहरू हॉस्टल के पास, सेक्टर 3, उदयपुर, राजस्थान 313001

विषय: वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और/या नियम 8(6) के अंतर्गत सूचना।

संदर्भ: 1. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी दिनांकित 09.08.2023 मांग नोटिस।
2. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत जारी दिनांकित 04.11.2023 कब्जा नोटिस।

प्रिय महोदय/महोदया,

जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा, गोवर्धन विलास शाखा, सेक्टर-14, उदयपुर, राजस्थान के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूत लेनदार बैंक होने के नाते सरफेसी अधिनियम 2002 (इसके बाद 'अधिनियम' के रूप में संदर्भित) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (इसके बाद 'नियम' के रूप में संदर्भित) के नियम 3 के साथ प्रदत्त शक्तियों के तहत दिनांक 09.08.2023 को मांग नोटिस जारी किया, जिसमें आपको ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार होने के नाते उक्त नोटिस की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर उक्त मांग नोटिस में बताई गई राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया।

और चूंकि आप राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 4 और/या नियम 8 के साथ पठित, प्रतिभूत संपत्ति (जिन्हें आगे उक्त संपत्ति के रूप में संदर्भित किया गया) का कब्जा ले लिया है, जिस